दिन–मंगलवार दिनांक– 04 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश की चालीस समेत देश की पांच सौ बयालीस लोकसभा सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शुरू। अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए भी मतगणना जारी।
02. ताजा रूझानों के अनुसार राज्य में एनडीए छब्बीस सीटों पर आगे और इंडी गठबंधन नौ और अन्य को एक सीट भी मिलती नहीं दिख रही है।
03. पटना लॉ कॉलेज परिसर में एक छात्र की हत्या के मामले के मुख्य अभियुक्त रवीश कुमार ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण। एक अन्य आरोपी बेगूसराय से गिरफ्तार।
04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और उमस का दौर जारी। मौसम विभाग ने कहा– आज कई स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात की आंशका। कुछ स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की भी चेतावनी।

---

बिहार की चालीस संसदीय सीटों सहित देश की पांच सौ बयालीस लोकसभा सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह आठ बजे से मतगणना जारी है। भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना भी आज हो रही है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि देशभर में लगभग साढे. दस लाख मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक मतगणना केंद्र में चौदह टेबलों पर वोटों की गिनती होगी। पूरी प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए पर्यवेक्षक और माइक्रो पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। ताजा रूझानों के अनुसार एनडीए दो सौ निन्यानवे सीटों पर आगे चल रही है। वहीं, इंडी गठबंधन एक सौ सत्तर सीटों पर आगे है जबकि अन्य उन्नीस सीटों पर आगे चल रहे हैं। वहीं, राज्य की चालीस सीटों पर मतगणना के रूझानों में एनडीए छब्बीस सीटों पर, जबकि इंडी गठबंधन नौ सीटों पर आगे चल रहा है।

---

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि अरवल, शिवहर, सहरसा, शेखपुरा और लखीसराय जिले को छोड़कर सभी जिला मुख्यालयों में मतगणना केन्द्र बनाए गये हैं। श्री श्रीनिवास ने बताया कि पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की गयी है और इसके बाद ईवीएम में डाले गए मतों की गिनती की जा रही

है। उन्होंने बताया कि सभी मतगणना केन्द्रों पर विधानसभावार गणना टेबल की व्यवस्था की गयी है।

———बाईट———

राज्य के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक बत्तीस चक्र की गिनती होगी, जबकि शिवहर और किशनगंज संसदीय क्षेत्रों में सबसे कम इक्कीस चक्रों की गिनती होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना को लेकर इक्यावन प्रेक्षकों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि मतगणना केन्द्रों पर प्रेक्षक को छोड़कर किसी को भी मोबाईल फोन रखने की अनुमति नहीं दी गयी है। सभी केंद्रों पर मीडियाकर्मियों की सुविधा के लिए अलग से मीडिया सेंटर बनाया गया है, जहां उन्हें अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर काउंटिंग प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतने के प्रबंध किये गए हैं।

———बाईट———

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतगणना केन्द्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के तहत केन्द्रीय पुलिस बल और बिहार पुलिस के जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि काउंटिंग सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे से पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जायेगी।

———बाईट———

---

केंद्र सरकार ने मतगणना के दौरान देश के विभिन्न भागों में हिंसा की संभावित घटनाओं के मद्देनजर सभी राज्य सरकारों को अलर्ट जारी किया है। गृहमंत्रालय ने राज्यों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को अपने—अपने राज्यों में कानून व्यवस्था, शांति—व्यवस्था और आपसी सद्भाव बनाए रखने की सलाह दी है।

---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतगणना केन्द्रों के आस—पास दो सौ मीटर के दायरे में धारा एक सौ चौवालीस लगाई गई है। मतगणना के रूझान और परिणाम आयोग की वेबसाइट रिजल्ट डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन तथा वोटर हेल्पलाइन एप पर उपलब्ध हैं। प्रारंभिक रूझान सुबह दस बजे के बाद मिलने की संभावना है।

---

राज्य की चालीस लोकसभा सीटों पर आज एक पूर्व मुख्यमंत्री और तीन केन्द्रीय मंत्रियों कई पूर्व केन्द्रीय मंत्रियों समेत कई दिग्गज राजनेताओं के भाग्य का फैसला होगा। केंद्रीय मंत्रियों में बेगूसराय से गिरिराज सिंह, आरा से आर. के. सिंह और उजियारपुर से नित्यानंद राय मैदान में हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्रियों में रविशंकर प्रसाद, राधामोहन सिंह, रामकृपाल यादव और राजीव प्रताप रूडी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी गया से और विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर सीतामढ़ी से चुनाव मैदान में हैं। वहीं, राजद कोटे से पूर्व केन्द्रीय मंत्री मो. अली अशरफ फातिमी, जयप्रकाश नारायण यादव और कांग्रेस से तारिक अनवर मैदान में हैं। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी सीवान से राजद प्रत्याशी हैं। राज्य में मंत्री पद पर रहने वालों में जदयू से दुलालचंद गोस्वामी, दिनेशचंद्र यादव, ललन सिंह, पूर्व मंत्री अर्जुन राय, ललित यादव, शिवचंद्र राम, आलोक मेहता, सुधाकर सिंह और कुमार सर्वजीत शामिल हैं। इधर, लोजपा आर. की शांभवी चौधरी सबसे युवा प्रत्याशी हैं, जिनकी उम्र पच्चीस वर्ष है जबकि सबसे बुर्जुग हम के सरंक्षक पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी हैं।

---

वोटों की गिनती जारी है। रुझान मिलने लगे हैं। ऐसे में नज़र उन उम्मीदवारों पर भी है जो जीत की हैट्रिक लगा सकते हैं। राज्य में ग्यारह ऐसी सीटें हैं जहां निवर्तमान सांसद लगातार तीन जीत की दहलीज़ पर हैं। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

लोकसभा चुनाव में इस बार राज्य की ग्यारह सीटों पर उम्मीदवार जीत की हैट्रिक लगा सकते हैं। इनमें आठ प्रत्याशी भाजपा और एक–एक जदयू, लोजपा आर. तथा कांग्रेस और लोजपा–रामविलास से हैं। उजियारपुर से केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय, आरा से केन्द्रीय मंत्री आर. के सिंह और बेगूसराय से केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जीत की हैट्रिक लगा सकते हैं। इधर, पश्चिम चंपारण सीट से डॉक्टर संजय जयसवाल, अररिया से प्रदीप कुमार सिंह, पाटलिपुत्र से रामकृपाल यादव, महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और औरंगाबाद से सुशील कुमार सिंह बीजेपी के वो निवर्तमान सासंद है, जो इस चुनाव में विजय मिलते ही लगातार तीसरी बार संसद पहुंचेगे। पूर्णिया सीट से चुनाव लड़ रहे जदयू के संतोष कुशवाहा भी हैट्रिक लगा सकते हैं। वहीं मुजफ्फपुर से इस बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे अजय निषाद भी लगातार तीसरी जीत दर्ज कर सकते हैं। लोजपा–रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान भी हाजीपुर सुरक्षित सीट से तीसरी बार जीत की हैट्रिक लगायेंगे। वहीं, नालंदा से जीत की हैट्रिक लगा चुके जदयू प्रत्याशी कौशलेन्द्र कुमार इस बार विजयी चौका लगाने को तैयार हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए अनुपम कुमार।

---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि राजधानी पटना में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जहां केन्द्रीयकृत तरीके से मतगणना पर निगरानी रखी जा रही है। श्री श्रीनिवास ने बताया कि सुबह सात बजे से मतगणना

समाप्त होने तक नियंत्रण कक्ष कार्य करता रहेगा। मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत दूरभाष संख्या– **शून्य छह एक दो– दो दो एक सात छह शून्य एक**, **शून्य छह एक दो– दो दो एक सात छह शून्य दो** और **शून्य छह एक दो– दो दो एक सात पांच नौ सात** पर की जा सकती है।

---

राज्य के मतगणना केन्द्रों पर सुबह से ही प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ जमा होने लगी है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि एनडीए और इंडी गठबंधन के समर्थक अपने पार्टियों के झंडे को लहराते हुए अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा कर रहे हैं।

---

पटना लॉ कॉलेज परिसर में छात्र हर्ष राज की हत्या के मामले में मुख्य अभियुक्त रवीश कुमार उर्फ राहुल कुमार ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। एसडीपीओ–वन पटना सिटी शरद आर. एस. ने बताया कि अभियुक्त को रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की जायेगी। उन्होंने बताया कि मामले के एक अन्य आरोपी प्रकृति आनंद को एसआईटी की टीम ने बेगूसराय से गिरफ्तार किया है। मामले में दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं, दो अन्य को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गौरतलब है कि बीते सत्ताईस मई को पटना लॉ कॉलेज परिसर में परीक्षा देने आए बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष राज की पीट–पीट कर हत्या कर दी गयी थी।

---

प्रदेश में भीषण गर्मी और उमस का दौर जारी है। इससे जन–जीवन प्रभावित हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना सहित प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में लगभग पांच डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, जहानाबाद, वैशाली, बांका, भागलपुर, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां जिले में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। इससे उमस में और बढ़ोतरी हुयी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि तेज हवा और आंधी से कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। साथ ही आम और लीची की फसल को नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। राज्य के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

———मौसम———

मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी चंपारण, सीवान, बक्सर, भोजपुर, पटना, नालंदा, शेखपुरा और बेगूसराय समेत आस–पास के जिलों में कुछ स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की चेतावनी जारी की है।

———————————————————

रेल पुलिस ने पटना जंक्शन पर रेलगाड़ियों में लूट–पाट करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र के अपहर में स्थित सेंट्रल बैंक की शाखा में अपराधियों ने नौ लाख रूपये लूट लिये। वहीं, पूर्वी चंपारण जिले के चिरैया थाना क्षेत्र के हरबोलवा गांव के पास अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक से दस लाख रूपये लूट लिये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————

पटना जिले के आलमगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गयी।

———————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा थाना क्षेत्र के गोड़िया घाट के पास गंडक नदी में चार बच्चे नहाने के दौरान डूब गये। इनमें से दो बच्चों की मौत हो गयी।

———————————————————

पटना जिले की दानापुर पुलिस ने ओवर लोड बालू लदे तीन वाहनों को जब्त किया है।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव की मतगणना को शीर्ष खबर बनाया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– फैसले की घड़ी आई। मतगणना में गड़बड़ी के आरोप–प्रत्यारोप के बीच लोकसभा चुनाव के परिणाम आज आयेंगे।

**दैनिक जागरण** की बड़ी खबर है– जनादेश का मंगल। भाजपा चुनाव में बहुमत मिलने के प्रति आश्वस्त, तो विपक्ष को एक्जिट पोल के पलटने की आस।

**दैनिक भास्कर** ने एक्जिट पोल के बाद शेयर बाजार में ओई तेजी को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– हैट्रिक की उम्मीद से निवेशकों ने एक दिन में ही चौदह लाख करोड़ रूपये कमाए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले सीएम नीतीश, अमित शाह से फोन पर की बातचीत को **प्रभात खबर** ने प्रमुखता दी है।

**आज** अखबार की सुर्खी है– स्कूलों का समय बदलेगा, मॉनिटरिंग प्रक्रिया नहीं बदलेगी।

---

निर्वाचन आयोग से प्राप्त ताजा आंकड़ों के अनुसार राज्य में एनडीए समर्थित जीतनराम मांझी गया सीट से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कुमार सर्वजीत से लगभग आठ हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। वहीं, पटना साहिब से भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद भी तीन हजार सात सौ वोटों से आगे चल रहे हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. प्रदेश की चालीस समेत देश की पांच सौ बयालीस लोकसभा सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शुरू। अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए भी मतगणना जारी।
02. ताजा रूझानों के अनुसार राज्य में एनडीए तीस सीटों पर आगे और इंडी गठबंधन आठ और अन्य को एक सीट भी मिलती नहीं दिख रही है।
03. पटना लॉ कॉलेज परिसर में एक छात्र की हत्या के मामले के मुख्य अभियुक्त रवीश कुमार ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण। एक अन्य आरोपी बेगूसराय से गिरफ्तार।
04. और, प्रदेश में भीषण गर्मी और उमस का दौर जारी। मौसम विभाग ने कहा– आज कई स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात की आंशका। कुछ स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की भी चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।